बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या – पी॰आर॰ 184/2024

डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2024 के ऑनलाईन (CBT) माध्यम से आयोजित परीक्षा में प्रयुक्त प्रश्नों का उत्तरकुंजी पर आपत्ति दर्ज करने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सभी संबंधित अभ्यर्थी एवं उनके अभिभावक को सूचित किया जाता है कि दिनांक 01.04.2024 से 30.04.2024 तक ऑनलाईन (CBT) माध्यम से आयोजित डी०एल०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा, 2024 में पूछे गये प्रश्न एवं उसके उत्तर समिति की वेबसाईट **"http://secondary.biharboardonline.com"** एवं **"https://biharboardonline.bihar.gov.in"** पर **दिनांक 21.05.2024 से 23.05.2024** तक आपत्ति दर्ज किए जाने हेतु अपलोड रहेगा।

2. उक्त Response Sheet के उत्तरकुंजी में अगर किसी प्रकार की कोई त्रुटि परिलक्षित होती है, तो संबंधित अभ्यर्थी समिति की वेबसाईट **"http://secondary.biharboardonline.com"** एवं **"https://biharboardonline.bihar.gov.in"** पर दिए गए लिंक **"Click here for objection D.El.Ed. joint entrance test, 2024"** पर Click कर **दिनांक 21.05.2024 से 23.05.2024** तक ऑनलाईन माध्यम से अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

3. उत्तरकुंजी पर आपत्ति दर्ज करने के लिए संबंधित अभ्यर्थियों को प्रति प्रश्न 50रू०/– निर्धारित शुल्क Debit Card/Credit Card/Net Banking के माध्यम से भुगतान करना अनिवार्य है।

4. आपत्ति सिर्फ ऑनलाईन माध्यम से ही स्वीकार किये जायेंगे। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)